...ए। इस यात्रा के सफर के व्यापारियों ने किस्सा ...एपाती प्रथम पर्यवेक्षण सिंह ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई। डोल ...ात रहे इसके लिए सड़क के किनारे से यात्रा को निकाला गया। ...पार मंडल के प्रदेश विकास जैन ने बताया कि यात्रा सेक्टर-40 ...सेक्टर-44 होते हुए डीएम चौक, सेक्टर-18 और अरुण्य ...का समापन हुई। इस दौरान व्यापारियों ने भारत माता की जय और ...नदेशी को पार किया गया। वहीं यात्रा के दौरान कोई परेशानी न ...ों के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं शाम को भावना के ...ों की ओर से यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को संसद डॉक्टर ...मार्ग हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अलावा हर घर तिरंगा को लेकर ...प्रशासन और प्राधिकरण दोनों की तैयारी पूरी की चुकी है। घर घर ...ा पहुंचे इसके लिए प्राधिकरण की ओर से साकिले बार टीम गठित ...है।

...ती कार में लगी आग,बच्चों को स्कूल छोड़कर आ रहा था चालक

...(यूएनएस)। गोण्डा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में चलती सोंझ मिली ...आग लग गई। यान पु-पु जलकर राख हो गई। हालांकि कार ...ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके ...ंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि कार चालक ...बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रहा था। जैसे ही सूरजपुर के पेट्रोल ...बैकर पर पहुंचा कि कार में आग लग गई। कार में आग लगते ही ...भारी भीड़ भी जमा हो गई। सूरजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ...या कि एक होंडा सिटी कार में आग लगने की सूचना मिली थी, ...के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर ...याया गया। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

परिवार को बंधकर बनाकर डकैती, जेवरात और कैश लेकर फरार

...(यूएनएस)। गोण्डा के थाना 142 में स्थित मोहिउद्दीपुर गांव में 6 ...थेक वारदातों में डकैती की सूचना को अंजाम दिया। सोमवार देर ...दक्षक चाकू-रमपेने के बल पर एक घर में घुस गए। परिवार को ...बनाकर घर में रखे 3 लाख रुपए, जेवरात लूटकर भाग हो गए। ...ना कार से आए थे और घटना को अंजाम देने के बाद मोगीली-...को गांव की सरहद तक छोड़ने गए थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना 142 प्रभारी दीप ...ह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना सेक्टर ...क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीपुर में इकेश लोधिया अपने परिवार के साथ गांव ...ात छोड़ों की हत्याकांड में हुई थी। इस घटना के बाद 142 प्रभारी दीप ...चाकू-उपरेत के बल पर परिवार की महिलाओं को बंधक बना ...उनके घर से करीब तीन लाख रुपए व कान की बाली एवं कुंडल, ...आदि पर ले लूट लिए। बदमाशों के जाने के बाद परिवार के लोगों ...स को सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची। साथ ही फ्रांसीसीक ...और डॉग स्क्वाड ने साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी ने बताया- पीड़ित ...हरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज ...ले जा रहे हैं।

सपा सांसद ने मंडल कारागार और जिलास्पताल का किया निरीक्षण

...(यूएनएस)। सपा सांसद कृष्णा पटेल ने जनपद में मंडल कारागार ...किया अस्पताल का अचक औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ...ने मंडल कारागार में भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और बिना ...हाल में कैदियों के लिए शिकायतों पर सही कार्रवाही चलाई। मंडल ...गार में सांसद ने महिला बैरक और मेन का दौरा किया। महिला बैरक ...ली और मेन में गुणवत्तहीन भोजन मिलने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति ...। सांसद ने स्पष्ट किया कि जेल में बंद कैदियों को भी उचित खानपान ...सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके बाद सांसद कृष्णा पटेल जिला ...पताल पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने ...ल वार्ड, पुरुष वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, बच्चा वार्ड, मिटी स्कैन और ...केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता जांची। मरीजों ने एसी न चलने और ...केंद्रों में डॉक्टरों द्वारा समय पर दवा लिखने की शिकायत की। सांसद ...न मुद्दों पर सख्ती जताते हुए निर्देश दिए कि अस्पताल में ही दवा ...लब्ध कराई जाए और एसी को ठीकराया को कुंद सुधारा जाए। सांसद ...कहा, यदि किसी अस्पताल की अवस्थाएं नहीं सुधरती हैं, तो हमें ...पए। हर स्तर सुधार करेंगे। इस मौके पर सीएमएस पुरुष डॉक्टर ...डी त्रिवेदी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरके गुप्ता और वरिष्ठ ईएमओ ...कर विनीत सचान भी उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

...ई/जलौन,(यूएनएस)। जालौन में आजादी के महापर्व से पहले हर घर ...तिरंगा फहराने के निर्देशों के साथ उरई शहर में आवपाइयों ने स्कूली ...ों के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली। यह तिरंगा यात्रा उरई के ...रत्न हॉल के मैदान से शहर के विभिन्न विभिन्न चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट ...समाप्त हुई। इस दौरान हर हाथ में तिरंगा लेकर स्कूली बच्चों के साथ ...वासी जोश में भारत माता की जयकार लगाते हुए निकले। आजादी के ...वर्ष होने से पहले हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को ...जलौन के उरई में भाजपा के पदाधिकारी और स्कूली बच्चे उरई के उडन ...ल के मैदान में एकत्रित हुए। जहां हर बच्चे के हाथ में तिरंगा था। वहां ...सभी लोगों ने भारत माता की जय के नई लगाई जिसके बाद यह तिरंगा ...यात्रा उरई के झंडीदार सिंह चौराहे होते हुए पंटारपुर, विभिन्न चौराहे से ...निकली। इस दौरान स्कूली बच्चों में जोश दिखाई दिया। जो भारत माता ...की जय के नारे तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहे के नारे लगाते रहे। ...शहर के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से भाजपा ...कार्यकर्ताओं ने तथा स्कूली बच्चों ने आमजन लोगों को संदेश दिया, कि ...स्वतंत्रता दिवस को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाएं। हर घर में तिरंगा ...फहराए।

डीएम को राजस्व परिषद के चेयरमैन करेंगे सम्मानित

...ई/जालौन,(यूएनएस)। जालौन डीएम राकेश कुमार पांडेय को राजस्व ...परिषद के चेयरमैन सम्मानित करेंगे। मंगलवार को इसकी घोषणा हुई है। ...जल्द ही डीएम को लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि सभी ...जिलाधिकारी की ई-खतौनी, खतौनी की सुविधा को बेहतर तथा जनपद ...की सभी अस्थाई गौशाला को बेहतर बनाने के निर्देश दिए थे। जिस पर ...प्रदेश के जालौन सहित के 7 जिलों के जिलाधिकारी ने इस समय सीमा ...के अंदर बेहतर किया। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व ...परिषद के चेयरमैन डॉक्टर रवनीश हुये द्वारा सभी जिलाधिकारी को ...सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए मंगलवार को इसकी घोषणा की ...गई। जल्द ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को लखनऊ में सम्मानित ...किया जाएगा। बता दें कि शासन ने प्रदेश के 75 जिलों के जिलाधिकारी ...को ई-खतौनी, खतौनी को सुविधा अनुसार करने तथा अस्थाई गौशाला को ...बेहतर बनाने का काम दिया था। साथ ही उन्हें एक समय सीमा भी दी थी। ...जिसको लेकर प्रदेश के सभी जिलाधिकारी द्वारा काम कराया जा रहा था। ...जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय सहित प्रदेश के 7 जनपदों ...के जिलाधिकारी द्वारा ई खतौनी, खतौनी, अस्थाई गौशाला को बेहतर किया ...गया, खतौनी और खतौनी को शत प्रतिशत बनाने का काम पूरा हो गया। ...साथ ही लोगों को खतौनी और खतौनी सम्बंधी अनन्यास मिलने लगी है।

...कांड,(यूएनएस)। जनपद में पानी पीने के लिए सवर्ण जाति के लड़का का लोहा सूता दलित को भारी पड़ गया। पिता-पुत्र ने जाति सूचक गालियां देते हुए उस पर हमला कर दिया। इस पर उसका बचाव आया। आसपास के लोगों ने किसी तरह से पीड़ित को बचाया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

आपको बता दें की पूरा मामला कांठ के जसपुरा थाना क्षेत्र के पिपलहरा गांव का है। यहां के रहने वाले पृथ्वी सोनकर ने गांव में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी सीता देवी मजदूरी लेकर खेत पर गई हुई थी। तभी उसे प्यास लगी और प्यास लगने पर गांव के राजेंद्र के निजी बोर पर पहुंची। पानी पीने के लिए हैंडी के पास रखा लोटा उठाया। तभी राजेंद्र और उसका बेटा जितेंद्र प्रताप आ गया। सीता देवी की बात को लेकर गालियां देने लगे। सीता ने जब विरोध किया तो पिता-पुत्र ने थप्पड़ और मुक्के मारे। ग्रामीणों ने जैसे ही देखा तो महिला को किसी तरह से वहां से छुड़वाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्राथमिक स्कूल में शिक्षक ने छात्रा से की छेड़छाड़,ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर किया हंगामा

अलीगढ़,(यूएनएस)। जिले के अकराबाद थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय (कोजिद विद्यालय), सिहोर में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्कूल के ही शिक्षक ने विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा-7 की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की। जिसके बाद छात्रा अपने घर चली गई। घर जाकर छात्रा ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं परिजनों के साथ बड़ी संख्या में गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद क्षिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित छात्रा की मां ने बताया कि उसकी बेटी स्कूल में कक्षा 7 की पढ़ाई करती है। विद्यालय में आरोपी शिक्षक ने उसे दूसरे कमरे में चलने के बहाने बुलाया था और उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। शिक्षक की हरकत से बच्ची डर गई और वह स्कूल से भागते हुए सीधे अपने घर पहुंची, जिसके बाद परिजनों को शिकायत की। छात्रा के परिजनों का कहना है कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उसे जेल भेजना चाहिए, क्योंकि उसकी यह हरकत माफ करने योग्य नहीं है। बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना होने पर दर्जनों ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं लोगों की भीड़ को देखकर आरोपी शिक्षक मौके से गायब हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया और नारेबाजी की। हंगामे की जानकारी जब शिक्षा अधिकारियों को मिली तो खण्ड शिक्षा अधिकारी राम सेवक कुरील मौके पर पहुंचे और उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि वह सारी घटना की जानकारी जीएसए को देंगे और शिक्षक के खिलाफकसख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आरोपी के खिलाफकानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। घटना के बाद बच्ची के परिजनों ने अकराबाद थाने में तहरीर दी है और आरोपी शिक्षक के खिलाफकानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने जल्दी ही उसकी गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। सीओ चरण सर्वजीत सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मामले की जांच की जाएगी और आरोपी शिक्षक के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पांच दुकानों का ताल तोड़कर लाखों का माल किया पार, जांच में जुटी पुलिस

बहराइच,(यूएनएस)। लखनऊ-बहराइच मार्ग के निकट बसे मरौना बाजार पर सोमवार रात को चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। सराफ की दो दुकान समेत पांच दुकानों से करीब 9 लाख रुपए से अधिक के माल पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके की जांच की है। फखरपुर थाना क्षेत्र का मरौना बाजार लखनऊ- बहराइच मार्ग के निकट बसा हुआ है। बाजार में बाने की पुलिस गश्त करती है, सोमवार रात में भी गश्त करती रही। इसके बाद भी आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे चोरों ने बाजार में जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने संतोष सोती के सराफ की दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने चार लाख मूल्य के सोने और चांदी के जेवरात उठाकर ले गए।

घर में प्रेमी संग रंगरलिया मना रही थी दो बच्चों की मां

घर वालों ने पेड़ से बांधकर दोनों को पीटा, वीडियो वायरल

बहराइच,(यूएनएस)। जनपद के सुजौली थाना क्षेत्र के नए बसी चहलका गांव निवासी एक महिला को उसके घर में भीतापुर निवासी प्रेमी के साथ रंगरलिया मनाते हुए परिवार के लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद घर वालों ने दोनों को पेड़ से बांध कर पिटाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस सोमवार से मामले को पंचायत के जरिए निपटाने में लगी है। सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चहलका के मजरा नईबस्ती निवासी एक महिला का सीतापुर निवासी एक युवक से मेल के जरिए प्रेम प्रसंग हो गया। महिला दो बच्चों की मां थी होने के बाद भी युवक के प्रेम में पड़ गई और उसे दिल दे बैठी। वहीं प्रेमी महिला ने मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। सोमवार को जब इसकी भनक महिला के घर वालों और गांव के लोगों को लगी गई और दोनों को घर में रंग रलिया मनाते पकड़ लिया। जिसके बाद दोनों को घर से बाहर निकाल कर आगल-अलग पेड़ में रस्सी से बांधकर पिटाई कर दी। वहीं सुजौली पुलिस को इस मामले की भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को लेकर थाने गई। सोमवार से पुलिस थाने में पंचायत करवा रही है। लेकिन मामला नहीं निपटा। प्रेमी और महिला को रस्सी से बांध कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। थानाध्यक्ष हरीश सिंह का कहना है कि सोमवार का मामला है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

रेप के बाद प्रेमिका को फ्लाईओवर से नीचे फेंका

बांदा,(यूएनएस)। जिले में एक सिरफिरे प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के साथ पहले दुष्कर्म किया। उसके बाद उसे फ्लाई ओवर के नीचे फेंक दिया। पीड़िता को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच शुरू कर दी है। यह मामला बांदा नगर कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है। जहां एक लड़की को गंभीर रूप से घायल हालत में कालू कुआं फ्लाईओवर के नीचे से बरामद कर उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है। पीड़िता और उसके परिजनों के मुताबिक पीड़िता की एक युवक सलमान से बात होती थी। पीड़िता ने जब उससे बात करने से मना किया तो वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता के मुताबिक उसने रविवार रात पीड़िता को अपने कमरे में बुलाया। जहां उसके साथ उसका दोस्त भी मौजूद था। आरोपी प्रेमी ने पीड़िता के साथ पहले दुष्कर्म किया। अपने साथी की मदद से उसको फ्लाईओवर के ऊपर ले जाकर नीचे फेंक दिया। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक आरोपी सलमान पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। इसमें उसके परिजन भी शामिल थे। घायल अवस्था में पीड़िता को ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल पीड़िता खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके दूसरे साथी की गिरफ्तारी के लिए पुख्ताछ की जा रही है। इस मामले में एसपी अंकुर अग्रवाल का कहना है कि पीड़िता रात में आरोपी मित्र के साथ उसके घर में थी। गुरुवार 5.30 बजे जब वह अपने घर वापस जा रही थी। इस दौरान आगम में फरासगढ़ी है। जिसमे पीड़िता फ्लाईओवर से नीचे कूद गयी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

प्रेमी की शादीशुदा प्रेमिका से कराई शादी,पति-ससुराल को छोड़ मायके में रह रही थी युवती

उरई/जालौन,(यूएनएस)। जालौन के सिरसा कलार थाना क्षेत्र से ईगन कराने वाला मामला सामने आया है। जहां शादीशुदा प्रेमिका ने प्रेम करना नाबालिग को भारी पड़ गया। नाबालिक प्रेमी को उसके परिजनों ने शादी शुदा प्रेमिका के साथ पकड़ लिया। जहां पहले उसकी पिटाई की और कमरे में बंद कर दिया। बाद में उसकी शादीशुदा प्रेमिका से जबरन शादी करा दी। जिसकी जानकारी युवक के घर वालों को हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सोमवार शाम को पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची। जहां एक तरफ लड़के पक्ष वाले पुलिस से नाबालिग होने की बात कर रहे थे तो दूसरी तरफलड़की पक्ष के लोगों ने शादी से इंकार करने पर नाबालिग के खिलाफ मुकदमा लिखने की बात कही है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। मामला बिरस्था कल्यान थाना क्षेत्र ग्राम शिवडपुर का है। जहां का रहने वाला 17 वर्षीय युवक का पड़ोस के गांव की रहने वाली 22 वर्षीय पूजी से कुछ समय से प्रेम संबंध चल रहा था। युवती पहले से शादीशुदा है और वह अपने पति व ससुराल छोड़कर मायके में ही रह रही थी। रविवार की शाम 6 बजे के लगभग युवक किसी बहाने अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव जा पहुंचा। जहां शादीशुदा युवती के परिजनों को इसकी भनक लग गई। जहां युवक की परिजनों ने पहले पिटाई की। फिर उसे प्रेमिका के साथ घर ले गए। जहां रात में कमरे में बंद कर घर के अंदर दोनों की जबरन शादी कर दी। एक दूसरे की माला पहनाकर युवती की मांग में सिंदूर भर दिया।

रील्स बनाने वाली महिला की मौत पर मुकदमा दर्ज, पिता की तहरीर पर दहेज हत्या में 6 नामजद

अलीगढ़,(यूएनएस)। जनपद के अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव पिलखना में रील्स बनाने वाली महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को महिला का शव पोस्टमार्टम परिस्थिति में उसके ससुराल में पंखे से लटका हुआ मिला था। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। घटना के बाद एक ओर जहां ससुराल के लोग आत्महत्या की बात कह रहे थे, वहीं महिला के मायके पक्ष के लोगों ने मौके पर पहुंचकर हत्या का आरोप लगाया था। घटना के बाद महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल जनों के खिलाफकहेज हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव पिलखना निवासी मुख्काम (25) पत्नी चांद का शव सोमवार सुबह घर में पंखे से लटका मिला था। ससुराल के लोगों का कहना था कि मुस्कान सोशल मीडिया पर रील्स बनाती थी और ससुराल के लोग इस पर आपत्ति उठाते थे। यह बात मुस्कान को अच्छी नहीं लगती थी। रविवार को भी मुस्कान ने रील्स बनाई थी, जिसके बाद उसके पति ने उसे डांटा था और रील्स बनाने से रोका था। पति के डांटने के कारण महिला काफी उदास थी और फिर उसने अपने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद ससुराल के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। ससुराल के लोग एक ओर आत्महत्या की बात कह रहे थे, वहीं दूसरी ओर महिला के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया था। आगरा के फतेहपुर सीकरी निवासी हफीज पुत्र इलीब खां ने बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी 5 साल पहले अलीगढ़ में की थी। निकाह के समय उन्होंने काफी दान दहेज दिया था। लेकिन ससुराल के लोग इस बात से खुश नहीं थे। वह उससे कार और 50 हजार रुपए दहेज की मांग कर रहे थे। इसके चलते उन्होंने दो दिन पहले महिला को पीटा भी था। जिसके बाद उसने यह बात अपने पिता को बताई थी। पिता ने आरोप लगाया था कि अब उसकी बेटी की हत्या की गई है। महिला की मौत के बाद जहां पुलिस ने एक ओर शव का पोस्टमार्टम करा लिया है, वहीं दूसरी ओर मायके पक्ष की तहरीर पर पति समेत ससुराल के 6 लोगों के खिलाफदहेज हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। इसमें पति चांद, ससुर जान मोहम्मद, गोसिया, जानो, हिदा और बादे के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। सीओ अकराबाद सर्जन सिंह ने बताया कि मायके पक्ष ने महिला की हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सड़क की बदहाली से लोग परेशान,घोसे-नाली का पानी सड़क पर आ जाता है

तेज रफ्तार कार पीछे से डीसीएम में घुसी,एक की मौत, तीन घायल

बस्ती,(यूएनएस)। जिले के खलनी थाना क्षेत्र में सोनबरसा गांव के पास मैगलहार की सुबह 9 बजे तेज रफ्तार कार डीसीएम में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कार से बाहर निकाला। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। एम्बुलेंस को मदद से घायलों को सीएचसी हर्रैया ले जाया गया। यहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल बस्ती के लिए रेफर कर दिया। कार सवार सभी लोग अयोध्या रामलला का दर्शन करने जा रहे थे कि नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा।

पहलः एम्बुलेंस सेवा को बेहतर बनाने की पहल,10 जिलों के प्रोग्राम मैनेजर्स रहे मौजूद, ऑपरेशन हेड ने किया निर्देशित

बस्ती,(यूएनएस)। जनपद में प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना 108 और 102 एम्बुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से, ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से हेड ऑफिस से आए ऑपरेशन हेड अरिजीत पांडेय ने जिला महिला अस्पताल में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में आपसास के 10 जिलों से आए प्रोग्राम मैनेजर और कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में तीन मंडल आजमगढ़, गोरखपुर, और बस्ती के 10 जिलों के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एम्बुलेंस की प्राथमिक उपचार, ऑक्सीजन, दवाओं की उपलब्धता, और उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारी पांडेय ने एम्बुलेंस की सेवाओं को और बेहतर बनाने के उपायों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे जिले के सभी ब्लॉकस्तर्भर भीओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। बैठक में 108 और 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी इलाज के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर सहायता प्रदान की जा सके। इस अवसर पर सीजों मंडलों के रीजनल मैनेजर आवागमन मंडल के सुमित प्रताप सिंह, बस्ती मंडल के रामसेवक, और गोरखपुर मंडल के शिवेजय के साथ-साथ बस्ती जिले के कार्यक्रम प्रबंधक राजन चिकरमें, जिला प्रभारी आशीष कुमार मिश्रा और राधेश्याम समेत अन्य जिलों के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी बंद,रेजिडेंट चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

बस्ती,(यूएनएस)। कौतकाता में रेजिडेंट चिकित्सक की रेप के बाद मर्डर के मामले में पैशनर के रेजिडेंट डॉक्टरों में रोष है। इसी को लेकर बस्ती मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक आंदोलित हैं। मृतक रेजिडेंट महिला डॉक्टर को न्याय दिए जाने की मांग कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह बस्ती मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट चिकित्सकों ने ओपीडी बंद कर दी। विरोध में सभी एकजुट होकर नारेबाजी करने लगे। उनकी मांग है कि घटना में दिवंगत हुई चिकित्सक को न्याय दिया जाए, ओपीडी बंद होने के चलते वहां इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को काफी असुविधा हुई, उन्हें बिना उपचार के ही वैरंग लौटना पड़ा। घदर्शन कर रहे रेजिडेंट चिकित्सकों ने कहा कि हमने आज सांकेतिक ओपीडी बंधित की है।

श्री कृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट

अहमदनगर सीतापुर 261125

आवश्यकता है.....

(एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद हेतु)

एम0एस0सी0 (रसायन विज्ञान) - 06 पद

एम0एस0सी0 (जन्तु विज्ञान) - 06 पद

एम0एस0सी0 (वनस्पति विज्ञान) - 06 पद

एम0एस0सी0 (गणित) - 06 पद

शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान- राज्य सरकार/यू0जी0सी0 के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित दो प्रतियों, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड व पैन कार्ड के साथ आवेदन करें।

सम्पर्क सूत्र- 9415437193, 9140592954